हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार 4 मार्च 2026


11 सैनिक स्कूल में हिंदुस्तान स्कूल के 14 विद्यार्थी चयनित



12 अमेरिकी साम्राज्यवाद का पुतला फूंका



## खबर संक्षेप



### आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हुए मनाएं होली

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम कनिका गोयल ने कहा कि होली का यह पर्व आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम और सद्भावना का संदेश देता है। रंगों का यह त्योहार आपके जीवन में नई उम्मीद सुख समृद्धि और स्वास्थ्य लेकर आए। एसडीएम ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है बल्कि यह आपसी प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने का अवसर है। सभी से अपील है कि होली प्राकृतिक रंगों (गुलाल) से खेलें पानी की बर्बादी न करें और अपनी व दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखें।

### सुमंत कुमार ने बतौर मुख्य महाप्रबंधक संभाला कार्यभार

**महेंद्रगढ़।** पंजाब नेशनल बैंक में सुमंत कुमार ने बतौर महाप्रबंधक ज्वाइन कर लिया है। सुमंत कुमार इससे पूर्व पंजाब नेशनल बैंक के डिजिटल बैंकिंग विभाग में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। उन्हें बैंकिंग क्षेत्र में 30 से अधिक वर्षों का गहन, बहुआयामी एवं नीतिगत अनुभव प्राप्त है। प्रधान कार्यालय में रणनीतिक एवं प्रौद्योगिकी आधारित पहलों का नेतृत्व करने के साथ-साथ उन्होंने फील्ड स्तर पर भी सशक्त प्रशासनिक दायित्व निभाए हैं। वे बेंगलुरु में उप-मंडल प्रमुख, उदयपुर में मंडल प्रमुख तथा दुर्गापुर में आंचलिक प्रबंधक के रूप में कार्य कर चुके हैं।



### दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 11 मार्च से

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा कार्यस्थल की गतिशीलता व्यक्ति और संगठन विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 11 मार्च से 13 मार्च तक किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देश-विदेश के विद्वान, शोधकर्ता, उद्योग विशेषज्ञ एवं नीति-निर्माता सहभागी होंगे। सम्मेलन में कार्यस्थल के बदलते स्वरूप, संगठनात्मक व्यवहार, मानसिक स्वास्थ्य, नेतृत्व की भूमिका, तकनीकी परिवर्तन तथा कार्य-जीवन संतुलन जैसे विषयों पर गहन चर्चा होगी। आयोजन में विभिन्न तकनीकी सत्रों, पैनल चर्चाओं और शोध प्रस्तुतियों के माध्यम से यह आयोजन अकादमिक और औद्योगिक जगत के मध्य संवाद का प्रभावी मंच प्रदान करेगा।

## कचरा फैलाने व अवैध डंपिंग पर पूर्ण प्रतिबंधः उल्लंघन करने वालों से वसूला जाएगा भारी पर्यावरण मुआवजा

प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन के उपयोग पर रोक के लिए शहर में चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले की सड़कों, नदियों, जलमार्गों, तालाबों, पंचायती भूमि व सरकारी जमीनों पर कचरा फेंकना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले नागरिकों व संस्थाओं पर अब भारी जुर्माना लगाया जाएगा। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के नवीनतम आदेशों का हवाला देते हुए बताया कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले नागरिकों व संस्थाओं पर अब भारी जुर्माना लगाया जाएगा। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुसार कचरा उत्पन्न करने वाले किसी भी व्यक्ति को सड़कों या खुले स्थानों पर कचरा फेंकनेए जलाने या दबाने की अनुमति नहीं है।

क्षेत्रीय अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि कचरा फैलाने वाले सामान्य निवासियों पर पहली बार नियम तोड़ने पर पांच हजार रुपये और दूसरी बार उल्लंघन करने पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इसी प्रकार भारी मात्रा में कचरा पैदा करने वाली बड़ी संस्थाओं या समूहों के लिए यह जुर्माना पहली बार में 25 हजार रुपये तथा दूसरी बार में 50 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि नियमों के तहत प्रत्येक नागरिक की यह जिम्मेदारी है कि वह अपने घर या संस्थान के कचरे को गीले, सूखे और घरेलू खतरनाक कचरे के रूप में अलग अलग रखे और इसे केवल अधिकृत कचरा संग्रहकर्ताओं को ही सौंपे। उन्होंने बताया कि नगर परिषद व नगर पालिका के अधिकारियों और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को इन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने तथा उसे वसूलने के लिए अधिकृत किया गया है। यदि कोई दोषी नागरिक व संस्था जुर्माने की राशि जमा नहीं करती है, तो इसकी वसूली भूराजस्व के बकाया की तरह कानूनी तौर पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि एकत्रित की गई जुर्माने की राशि का उपयोग संबंधित क्षेत्र में कचरा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा। क्षेत्रीय अधिकारी ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें और निर्धारित स्थानों के अलावा कहीं भी कचरा न फेंकें, ताकि क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।



नारनौल। सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री व पॉलीथिन की जांच करते अधिकारी।

### शहर में सात हजार रुपये के काटे पांच चालान

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने एसडीओ गौरव व जेईई योगेश कुमार के नेतृत्व में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन का उपयोग पर रोक लगाने व पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से शहर में विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाया गया। इस दौरान शहर में सात हजार रुपये के पांच चालान काटे गए। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी विजय चौधरी ने बताया कि शहर के प्रमुख स्थानों पर जागरूकता बैनर भी लगाए गए हैं। जिनके माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में आम जनता को जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन का उपयोग पर्यावरण के लिए खतरा है। प्रदूषित पर्यावरण से हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने अभियान के दौरान दुकानदारों से अपील की है कि प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन का प्रयोग ना करें।

## धुलंडी पर भी नहीं मिलेगी अतिरिक्त जलापूर्ति, बूंद-बूंद बचाने की अपील

# नहरों में पानी नहीं आने से शहर में गहराया जल संकट, राशनिंग शुरू

विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि उपलब्ध सीमित जल भंडार को देखते हुए केवल नियमित और नियंत्रित आपूर्ति ही संभव है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर में नहरों में समय पर पानी नहीं पहुंचने से पेयजल संकट गहरा गया है। पूरी तरह नहरी पेयजल आपूर्ति पर निर्भर रहने वाले शहरवासियों को अब राशनिंग के तहत पानी मिल रहा है। वाटर टैंकों में घटते जलस्तर और नहरों के निर्धारित समय से एक सप्ताह देरी से आने की सूचना ने हालात और चिंताजनक बना दिए हैं। धुलंडी जैसे त्योहार के मौके पर भी अतिरिक्त जलापूर्ति नहीं हो पाएगी, जिससे लोगों को सीमित पानी में ही काम चलाना पड़ेगा।

जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार शहर में जलापूर्ति का मुख्य आधार नसीबपुर स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट है, जहां से लगभग 70 प्रतिशत पेयजल की आपूर्ति होती है। इसके अलावा रेवाड़ी रोड स्थित वाटर टैंकों से करीब 25 प्रतिशत पानी सप्लाई किया जाता है। शेष मात्र पांच प्रतिशत जलापूर्ति नलकूपों के माध्यम से की जाती है। ऐसे में नहरों में पानी नहीं आने का सीधा असर पूरे शहर की जल व्यवस्था पर पड़ता है। धुलंडी के अवसर पर आमतौर पर जल की मांग बढ़ जाती है, लेकिन इस बार शहरवासियों को अतिरिक्त जलापूर्ति नहीं मिलेगी। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि उपलब्ध सीमित जल भंडार को देखते हुए केवल नियमित और नियंत्रित आपूर्ति ही संभव है। ऐसे में लोगों को त्योहार के दौरान भी संयम बरतना होगा। विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि जैसे ही नहरों में पानी पहुंचेगा, प्राथमिकता के आधार पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में जल भंडारण किया जाएगा, ताकि शहर में नियमित आपूर्ति बहाल की जा सके।



नारनौल। रेवाड़ी रोड पर बने वाटर टैंक में मौजूद पानी। फोटो : हरिभूमि

### एक सप्ताह की देरी से बिगड़े हालात

आमतौर पर 28 फरवरी की रात तक नहरों में पानी पहुंच जाना चाहिए था, लेकिन इस बार पानी आने में करीब एक सप्ताह की देरी हो रही है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक यदि 6 मार्च तक नारनौल नहर में पानी पहुंच भी जाता है तो 8 मार्च तक ही पर्याप्त जल भंडारण संभव हो पाएगा। इसके बाद ही शहर में समुचित और नियमित जलापूर्ति बहाल की जा सकेगी। स्थिति को और जटिल बनाने वाला तथ्य यह है कि पहले जहां 16 दिन के अंतराल पर नहरों में पानी छोड़ा जाता था, अब यह अंतराल बढ़कर 24 दिन हो गया है। इस बढ़े अंतराल के कारण जल भंडारण की योजना प्रभावित हो रही है और टैंकों में पानी का स्तर तेजी से गिर रहा है।

### लंबे समय से बना हुआ है निर्भरता का संकट

शहर में पेयजल का कोई बड़ा वैकल्पिक स्रोत विकसित नहीं हो पाया है। पूरी व्यवस्था नहरी जल पर टिकी हुई है। ऐसे में नहरों में पानी आने में जरा सी भी देरी पूरे शहर को संकट में डाल देती है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि भविष्य में वर्षा जल संचयन, अतिरिक्त जलाशयों के निर्माण और भूजल रिचार्ज जैसी योजनाओं पर गंभीरता से काम किया जाना चाहिए। फिलहाल शहरवासियों के सामने एक ही विकल्प है-संयम और सहयोग। यदि नहरों में पानी 6 मार्च तक पहुंच जाता है और समय रहते पर्याप्त भंडारण हो जाता है तो आने वाले दिनों में राहत मिल सकती है। तब तक हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह पानी की एक-एक बूंद बचाकर इस संकट की घड़ी में प्रशासन का साथ दें।

### नलकूप विकल्प नहीं मजबूरी में सीमित सहारा

शहर में नलकूपों से केवल पांच प्रतिशत पेयजल आपूर्ति की जाती है। भूजल स्तर पहले से ही नीचे होने के कारण इन पर अत्यधिक निर्भरता संभव नहीं है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि नहरों में पानी समय पर नहीं आया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### दुरुपयोग रोकें, जरूरत भर करें उपयोग

*जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ मुकेश शर्मा ने शहरवासियों से अपील की है कि वे पानी का उपयोग सोच-समझकर करें और किसी भी प्रकार के दुरुपयोग से बचें। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात में प्रत्येक बूंद की अहमियत है। टैंकों की सफाई, गाड़ियों की धुलाई, छिड़काव या अन्य गैर-जरूरी कार्यों में पानी का इस्तेमाल न करने की सलाह दी गई है।*

### सिंचाई के लिए मांगा पानी

*किसान नेता बलबीर सिंह ने जिला प्रशासन व सरकार से प्रेस के माध्यम से मांग की है कि खेतों में सिंचाई के लिए तुरंत नहर में पानी की आपूर्ति की जाए। उन्होंने बताया कि नहर को आए एक महीने का समय हो चुका है। पिछले महीने की चार-पांच तारीख को जिले की नहरों में पानी बंद हो गया था। दिन का तापमान भी सामान्य से चार-पांच डिग्री ऊपर चल रहा है। ऐसे वातावरण में 15 दिन में गेहूं की फसल को पानी चाहिए। पानी नहीं आने से गेहूं की फसल सूखने के कगार पर है।*



सतनाली मंडी। सांसद धर्मबीर सिंह को मांग पत्र सौंपता प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

## विकास कार्य की मांग को लेकर सांसद से मिला प्रतिनिधिमंडल

*रेल सेवा समिति के प्रधान ने रेलवे से संबंधित मांग उठाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतनाली मंडी

सतनाली कस्बे की विभिन्न विकास संबंधी मांगों को लेकर सरपंच प्रतिनिधि के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सांसद चौ. धर्मबीर सिंह से मिलकर मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र के विकास से जुड़ी समस्याओं को विस्तार से रखते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। प्रतिनिधियों ने सांसद से सतनाली में फिरनी मार्ग के नवीनीकरण, शहीद पार्क के पीएनबी सड़क मार्ग के नवीनीकरण, पार्क में बोरिंग की व्यवस्था तथा हाई मास्ट लाइट लगवाने, गोसाई अखाड़ा में बोरिंग करवाने, आधुनिक सुविधाओं से युक्त खेल स्टेडियम का निर्माण, अंबेडकर पार्क में सामुदायिक हॉल बनवाने तथा कस्बे के मुख्य चौराहों व गलियों में पर्याप्त स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग रखी।

इस अवसर पर रेल सेवा समिति के प्रधान ने सांसद के समक्ष रेलवे से संबंधित मांग उठाई। उन्होंने 22471-72 लालगढ़-दिल्ली-सराय इंटरसिटी एक्सप्रेस का सतनाली रेलवे स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि क्षेत्र की जायज मांगों को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों के समक्ष उठाया जाएगा तथा विकास कार्यों को गति देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार क्षेत्र के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सतनाली कस्बे की समस्याओं का समाधान करवाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल सदस्य सरपंच प्रतिनिधि धर्मबीर गोठवाल, सतनाली रेल सेवा समिति प्रधान दीवान सिंह शेखावत, अनिल पहलवान ने सांसद का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास में सहयोग की अपेक्षा जताई।

## तलाश के लिए पहाड़ी व चारों ओर चला रेस्क्यू ऑपरेशन, नहीं मिला तेंदुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहरी क्षेत्र तक की जानवर तेंदुआ की एंट्री हो गई है। रविवार शाम यह जानवर ढाणी किरारोद की पहाड़ी पर दिखाई दिया। इस दृश्य को मोबाइल में कैद किया और सोशल मीडिया पर वारयल कर दिया। इसके बाद ढाणी किरारोद सहित आस पास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। प्रशासन का जब इस बात की भनक लगी तो उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने संबंधित विभाग की टीम को तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने के लिए निर्देश है। इसके बाद सोमवार शाम को पहाड़ी और इर्द गिर्द टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान टीम को तेंदुआ नहीं मिला।

- रविवार की शाम पहाड़ी पर दिखा तेंदुआ, मंदिर की छत से लोगों ने बनाया वीडियो

आपको बताते चले कि नारनौल के आसपास के कई गांवों में पहले भी तेंदुए की मूवमेंट देखी जा चुकी है। हाल ही में गांव दताल में भी दो बार तेंदुआ दिखाई दिया था, जिसके बाद वन्यजीव विभाग ने वहां पिंजरा लगाकर उसे पकड़ने की कोशिश शुरू की हुई है। बताया जा रहा है कि रविवार शाम ढाणी किरारोद में पहाड़ी की तलहटी पर प्राचीन मंदिर है। इसी मंदिर की छत से बच्चों ने वीडियो बनाई, जिसमें पास के पहाड़ी की चोटी पर जानवर चहलकदमी करते दिखाई दे रहा है। बच्चों सहित ग्रामीण वहां से सुरक्षित जगह पहुंचे और इस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ऐसे में लगातार तेंदुए के देखे जाने की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द तेंदुए को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए ताकि किसी अनहोनी की आशंका को



नारनौल। वीडियो में कैद पहाड़ी की चोट पर दिखाई दे रहा तेंदुआ।

### डीसी ने जारी किया हाई अलर्ट

*जिले के गांव ढाणी किरारोद व आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में तेंदुए की मौजूदगी की सूचना को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने तुरंत प्रभाव से संबंधित सभी विभागों को सतर्क रहने और आवश्यक कार्रवाई करने के कड़े निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन को मिली जानकारी के अनुसार गांव ढाणी किरारोद के पास स्थित पार्क व उससे सटी पहाड़ियों पर शाम लगभग 6:30 बजे एक तेंदुए को दौड़ते हुए देखा गया। सार्वजनिक सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए हैं कि प्रभावित इलाकों में गश्त बढ़ाई जाए और ग्रामीणों के बीच सुरक्षा का भरोसा कायम करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। वन विभाग व वन्यजीव विभाग की टीमों को भी तुरंत मोर्चे पर लगा दिया गया है। वन्यजीव निरीक्षक व डीएफओ को आदेश दिए गए हैं कि वे तेंदुए की लोकेशन को ट्रैक करें और उसे सुरक्षित तरीके से पकड़ने के लिए उचित रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करें।*

### बाबा गैबीराम का मेला व खेलकूद आज

**मंडी अटेली।** बाबा गैबीराम का मेला गुवानी में चार मार्च धुलंडी के दिन भरेगा। इस मेले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं होगी। इस मेले में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव एवंविशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार रहेंगे। जानकारी देते हुए सरपंच प्रतिनिधि दिनेश यादव एवं मेला कमेटी ने बताया कि मेले में कुश्तियां 51 रुपये से लेकर 71 हजार तक करवाई जाएंगी।



महेंद्रगढ़। जरुरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री बांटते हुए।

### झुग्गी-झोपड़ियों में बांटी शिक्षण सामग्री

**महेंद्रगढ़।** होली के पावन पर्व पर शहर की झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले गरीब परिवारों और उनके बच्चों के बीच पहुंचकर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने न केवल होली की शुभकामनाएं दीं, बल्कि उनके भविष्य को संवारने का संकल्प भी जगाया। सामाजिक कार्यकर्ता विनय भारद्वाज और धर्मेन्द्र भारद्वाज ने बच्चों को पर्वों के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज का युग कठिन प्रतियोगिता का है और इस दौड़ में आगे बढ़ने का एकमात्र सशक्त माध्यम 'शिक्षा' ही है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर तब मुस्कान खिला। जब उन्हें उपहार स्वरूप शिक्षण सामग्री बांटी गई। उन्होंने अभिभावकों को समझाया कि गरीबी को केवल शिक्षा के हथियार से ही मात दी जा सकती है।

विजय हॉस्पिटल के संचालक डा. विनीत यादव ने मीडिया के सामने रखा अपना पक्ष, बोले

## आयकर विभाग ने जो दस्तावेज मांगे वह दिखाए नहीं मिली विजय हॉस्पिटल में कोई खामियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर में बस स्टैंड के सामने विजय हॉस्पिटल में आयकर विभाग की रेड पड़ी थी। यह रेड लगातार चार दिन तक चली और आयकर विभाग गुरुग्राम से आई टीम ने हर दस्तावेजों की पूरी तरह से जांच पड़ताल की। जिस हिसाब से आयकर विभाग ने मीडिया को दिए बयान में हॉस्पिटल से जुड़े दस्तावेजों में कई खामियों का जिक्र किया था, उस तरह या किसी अन्य तरह की कोई खामियां नहीं मिली। आयकर विभाग टीम की ओर से मांगें गए हर दस्तावजों को प्रस्तुत किया। हिसार में खरीदे गए अस्पताल के दस्तावेज भी उन्हें दिखाएं। कोई खामियां किसी भी तरह की नहीं मिली। इसके बाद ही टीम संतुष्ट होकर वापस लौटी है।

यह दावा विजय हॉस्पिटल के संचालक डा. विनीत यादव ने मंगलवार मीडिया के सामने किया। उन्होंने बताया कि यह एक सामान्य प्रक्रिया थी। सरकार का अधिकार है कि वो अपने जो भी हॉस्पिटल से संबंधित या हमारी आय से संबंधित जो जानकारी चाहे, वो देख सकते हैं, वह उसके लिए आए थे। उन्होंने सारे दस्तावेज देखे। उन्होंने सारी जानकारी ली। हमने पूरी तरह से उनको संतुष्ट किया और पूरे कागजात देने के बाद में वो संतुष्ट होकर यहां से गए हैं। उन्हें हमारे पास से किसी भी प्रकार की कोई नकदी नहीं मिली। अस्पताल चलाने के लिए जो आवश्यक चीजें होती हैं, वो सब उन्होंने सारी जानकारी ली।

### मरीजों के जो आंकड़े मांगे, दिया पूरा ब्योरा

डा. विनीत यादव ने बताया कि जहां तक मरीजों की बात है। सभी मरीजों का ब्योरा दिया गया। आंकड़े बताएं गए। हर तरह के दस्तावेज दिखाकर उन्हें संतुष्ट किया गया। किसी भी तरह की अनियमितताएं नहीं पाई गई। हालांकि वह जानते है कि कुछ अफवाह फैल रही है लेकिन वह सरासर गलत है। अगर टीम अधिकारियों को कोई अनियमितताएं मिलती तो वह उसे जरूर आगे फारवर्ड करते या आगे अन्य एजेंसियों को भेजते। लेकिन ऐसा कुछ नहीं मिला। उसके बाद टीम यहां से गई है। जो हमारे पास बैड उपलब्ध है, उन्हीं के डाटा आंकड़ों में है, वहीं दर्शाए गए थे। सालभर व महीना जैसा उन्हें आंकड़े मांगे, हमने सब रिकॉर्ड दिखाया। उन्होंने कहा कि हिसार हॉस्पिटल हमने लिया है। उसे पूरी कानूनी तरीके से लिया है। उस हॉस्पिटल से जुड़े सम्पूर्ण कागजात दिखाए गए। हमने उस हॉस्पिटल के लिए लोन भी लिया हुआ है, वह दस्तावेज भी दिखाएं। हमने एडवांस टैक्स भरा हुआ है, उसका ब्योरा भी आंकड़ों सहित दिखाया। यह सभी आंकड़े मैच हुए है। उसके बाद ही अधिकारी संतुष्ट हुए और चार दिन बाद जांच पड़ताल के बाद टीम यहां से गई है।





# होली की वो पार्टी जिसमें जुटता था पूरा बॉलीवुड

**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे मशहूर होली पार्टियों की बात की जाए तो आज भी दिवंगत राज कपूर की होली पार्टी का नाम सबसे ऊपर आता है। बताया जाता है कि राज कपूर अपने बेटों रणधीर कपूर, ऋषि कपूर और राजीव कपूर और भाइयों शशि कपूर, शम्मी कपूर और नंदी कपूर के साथ मिलकर आर के स्टूडियो में होली पार्टी होस्ट करते थे, जिसमें ना केवल उनका पूरा खानदान, बल्कि फिल्म इंडस्ट्री की कई दिग्गज हस्तियां शामिल होती थीं। दिलीप, प्राण, प्रेमनाथ, अमिताभ बच्चन, सिंगर मुकेश, संगीतकार जोड़ी शंकर-जयकिशन और मनमोहन समेत सभी सेलेब्स इस पार्टी के दौरान रंग में सराबोर नज़र आते थे।

लाइफ Style



# एलनाज

## मैं ईरान गई तो वो मार देंगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड और वेब सीरीज दर्शकों के बीच लोकप्रिय एलनाज नौरोजी ने एक बार फिर अपनी राय को पद पर रखकर सुर्खियां बटोरी हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के पर प्रतिक्रिया देते हुए एलनाजने स्पष्ट किया है कि वह अपने देश ईरान वापस नहीं जा सकतीं, क्योंकि उन्हें जान का खतरा है।

एलनाज ने 2017 में एक पाकिस्तानी फिल्म से अपना एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। इसके बाद 2018-19 में उन्होंने सैक्रेड गेम्स के दो सीजन में जोया का किरदार निभाया, जिससे उन्हें अपार पॉपुलैरिटी मिली। वह अभय, मेड इन हेवेन, जग जग जीयो और मस्तीज 4 जैसे प्रोजेक्ट्स में भी नजर आ चुकी हैं। 2023 में उन्होंने जेरार्ड बटलर के साथ हॉलीवुड फिल्म कंधार से वहां डेब्यू किया था। एक नए इंटरव्यू में एलनाज ने कहा है कि वह अपने देश ईरान नहीं लौट सकती हैं, क्योंकि अगर ईरान गईं तो उन्हें मार दिया जाएगा। बॉलीवुड और टीवी सेलेब्स भी इस मसले पर अपनी-अपनी राय रख रहे हैं। एक इंटरव्यू में एलनाज ने साफ किया कि उनका विरोध ईरान के लोगों के खिलाफ नहीं, बल्कि वहां के शासन यानी इस्लामिक रिपब्लिक के खिलाफ है। उन्होंने कहा, 'जब हम ईरान की बात करते हैं, तो मैं इस्लामिक रिपब्लिक और ईरान के लोगों के बीच फर्क करना चाहूंगी। इस्लामिक रिपब्लिक ने देश पर कब्जा कर रखा है। ईरान के ज्यादातर लोग स्मार्ट और पढ़े-लिखे हैं और उनकी मान्यताएं इस्लामिक रिपब्लिक से अलग हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक समय ईरान के इजराइल और अमेरिका से भी अच्छे संबंध थे।

हॉलीवुड मसाला



# बुराई पर जीत हासिल करेगी अच्छाई

**लॉस एंजिल्स।** इजरायली हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद मिडिल ईस्ट में संघर्ष तेजी से फैल गया है। 3 मार्च को प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि 'दुनिया में बहुत कुछ हो रहा है, यह कठिन और भारी है, लेकिन प्रकाश हमें रास्ता दिखाता है। यहां बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए... होलिका दहन।' उनका यह संदेश उन चुनौतियों के बीच आया है, जो हाल ही में यूएस-ईरान संघर्ष और मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण दुनिया भर में महसूस किए जा रहे हैं।



# एएलएस जागरुकता और रिसर्च के लिए किया काम

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर अमेरिकी एक्टर एरिक डेन का निधन हो गया। वे 53 साल के थे। उनकी मौत सिनेमा जगत के लिए किसी नुकसान से कम नहीं। उनकी मौत एमियोट्रोफिक लैटरल स्क्लेरोसिस नाम की गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी से हुई। एरिक ने अप्रैल 2025 में इस बीमारी की खबर सबके साथ शेयर की थी। इसके बाद वे एएलएस जागरुकता और रिसर्च के लिए काम किया। परिवार ने एएलएस को लेकर जागरुकता फैलाने और दूसरे मरीजों की मदद करने के लिए काफी कोशिशें कीं। परिवार ने फैन्स से मिले प्यार और सपोर्ट के लिए आभार जताया और प्राइवेसी की अपील की है। एरिक डेन को खासतौर से ABC के पॉपुलर मेडिकल ड्रामा 'ग्रेज एनाटॉमी' में डॉ. मार्क स्लोन (जिन्हें 'मैकस्टिमी' कहा जाता था) के किरदार के लिए जाना जाता है। उन्होंने 2006 में सीजन 2 में कैमियो से शुरुआत की।



# अजनबी एक-दूसरे को दे रहे थे दिलासा...

**मुंबई।** एक्ट्रेस ईशा गुप्ता भारत लौट आई हैं। वह मिडिल ईस्ट में बढ़ते झगड़ों के बीच अबू धाबी में फंस गई थीं। वापस आने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है और बताया कि वहां उन्होंने क्या देखा और क्या सुना। आइए आपको बताते हैं कि अबू धाबी में वो कैसे फंसी और भारत कैसे वापस आईं। ईशा ने लिखा, '28 फरवरी के दिन मैं अबू धाबी के एयरपोर्ट पर थी। दोपहर के 1 बजे रहे थे और एयरपोर्ट बंद हो गया था। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था। बस चारों ओर अफरा-तफरी मची हुई थी। फिर मिसाइल हमले की खबरें आने लगीं और किसी को नहीं पता था कि अगले मिनट हमारे साथ क्या होगा। अजनबी एक-दूसरे को दिलासा दे रहे थे, सभी अपने परिवार को फोन कर रहे थे।' ईशा ने आगे लिखा, 'मैंने चेक-इन नहीं किया था इसलिए मैं वापस होटल चली गई थी।



# शबाना और जावेद ने मनाई होली ...

**मुंबई।** कई जगह होली आज मनाई जाएगी, लेकिन बॉलीवुड सेलिब्रिटीज कल ही होली के रंग में रंग गए। जावेद अख्तर और शबाना आजमी ने अपने घर पर होली पार्टी रखी थी। कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज भी परिवार संग होली खेलते नजर आए। होली के रंग में बॉलीवुड भी रंग गया है। कई सेलिब्रिटीज के होली मनाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। हर कोई होली की मस्ती में डूबा नजर आ रहा है। अपनों को रंग लगाया जा रहा है। कई सेलेब्स अपने बच्चों संग होली खेल रहे हैं। शबाना आजमी और जावेद अख्तर ने हर साल की तरह इस बार भी अपने घर पर होली पार्टी रखी थी। इसमें कई बॉलीवुड सेलेब्स नजर आए। ऋचा चड्ढा को भी इस होली पार्टी में देखा गया।

टीवी मसाला



# शादी के बाद पार्टनर संग पहली होली खेलेंगे ये टीवी सितारे

**नई दिल्ली।** होली की रौनक अभी से ही चारों तरफ देखने को मिल रही है। होली का त्योहार बेहद खास होता है और टीवी के कई कपल्स ऐसे हैं जिनके लिए ये और भी ज्यादा खास होने वाला है। क्योंकि, ये उनकी शादी के बाद पहली होली होने वाली है। इस लिस्ट में हिना खान-रॉकी जायसवाल से लेकर सारा खान-कृष पाठक तक का नाम शामिल है।

**हिना-रॉकी** : टीवी एक्ट्रेस हिना खान और रॉकी जायसवाल यूं तो सालों से साथ में होली मनाते नजर आ रहे हैं। लेकिन ये होली उनकी शादी के बाद की पहली होली होगी। दोनों बीते साल जून में ही शादी के बंधन में बंधे थे।

**सारा-कृष** : सारा खान और कृष पाठक के लिए भी होली का त्यौहार बेहद खास होने वाला है, क्योंकि ये शादी के बाद उनकी पहली होली होने वाली है। सारा खान और कृष पाठक ने जहां बीते साल अक्टूबर में कोर्ट मैरिज की थी तो वहीं दिसंबर में दोनों ने बिग फैट वेडिंग की।

**जिया-वरुण** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस जिया मानेक और एक्टर वरुण जैन की भी शादी के बाद ये पहली होली होगी। दोनों ने बीते साल परिवार और दोस्तों की खास मौजूदगी में शादी रचाई थी।

**अंकुर -लीना** : अंकुर वर्मा और लीना वर्मा बीती 25 फरवरी को ही शादी के बंधन में बंधे हैं। दोनों की शादी के बाद ये न केवल पहली होली होगी, बल्कि उनका साथ में पहला त्यौहार भी होगा। अंकुर वर्मा ने हरियाणा में अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड लीना वर्मा के साथ शादी रचाई थी।

**रूपल-नोमिष** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस रूपल त्यागी ने बीते साल दिसंबर में बॉयफ्रेंड नोमिश भारद्वाज के साथ शादी रचाई थी। शादी के बाद दोनों साथ में पहली होली मनाते नजर आएंगे। रूपल और नोमिश को अक्सर साथ में रोमांटिक पोस्ट डालते हुए देखा जाता है।

**अश्लेषा-संदीप** : अश्लेषा सावंत और संदीप बसवाना यूं तो बीते कई सालों से लिव-इन रिलेशनशिप में हैं और साथ ही होली मनाते हैं। लेकिन बतौर शादीशुदा कपल दोनों की ये पहली होली होगी। उन्होंने बीते साल नवंबर में शादी की थी।

**अविका -मिलिंद** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस अविका गोर और मिलिंद चंदवानी की भी शादी के बाद ये पहली होने वाली है। दोनों ने बीते साल 'पति पत्नी और पंगा' में शादी रचाई थी। यूं तो पहले भी कई त्योहार के लिए वे साथ रह चुके हैं, लेकिन बतौर शादीशुदा ये उनकी पहली होली होगी।

# बॉलीवुड की मशहूर होली पार्टियों में मिलती है मस्ती, रंगों और सौहार्द की झलक ...

**मुंबई।** होली भारत के सबसे जीवंत और व्यापक रूप से मनाए जाने वाले त्योहारों में से एक है, और बॉलीवुड अक्सर संगीत, नृत्य और रंगों का संगम करने वाली कुछ बेहतरीन होली पार्टियों का आयोजन करता है। बॉलीवुड की होली पार्टियों में हमेशा से एक जादुई आकर्षण रहा है, जो त्योहार की उमंग और बॉलीवुड की चकाचौंध का अद्भुत संगम है। बच्चन परिवार की पारिवारिक होली पार्टियों से लेकर शाहरुख खान की सितारों से सजी पार्टियों तक, ये यादगार पार्टियां बॉलीवुड के इतिहास में एक किंवदंती बन गई हैं। इन आयोजनों के कुछ खास पल अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल हो जाते हैं, जिससे प्रशंसकों को बॉलीवुड की होली पार्टियों को खास बनाने वाले मस्ती, रंगों और सौहार्द की झलक मिलती है। ये पार्टियां बॉलीवुड की मस्ती और ग्लैमर का अनुभव करने का एक शानदार तरीका हैं।



***बच्चन परिवार की होली पार्टी :*** बॉलीवुड के सबसे चर्चित आयोजनों में से एक है। अमिताभ बच्चन और उनका परिवार, जिसमें उनके बेटे अभिषेक बच्चन और बहू ऐश्वर्या राय बच्चन शामिल हैं, अपने प्रतिष्ठित घर 'जलसा' में भव्य होली उत्सव का आयोजन करते हैं। इस आयोजन में परिवार, दोस्त और फिल्म जगत के सहकर्मी शामिल होते हैं। बच्चन परिवार की होली पार्टियों में पारंपरिक अंदाज तो होता ही है, साथ ही बॉलीवुड की स्टार पावर और ग्लैमर भी झलकती है।

***मन्नत में शाहरुख खान की होली पार्टी :*** शाहरुख खान के प्रतिष्ठित घर मन्नत में आयोजित होली पार्टियां बेहद लोकप्रिय हैं। शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान अपनी शानदार और स्टाइलिश होली पार्टियों के लिए जानी जाती हैं। उनकी पार्टियां आमतौर पर ग्लैमर और मस्ती का मिश्रण होती हैं, जहां बॉलीवुड सितारे, डिजाइनर और समाजसेवी लोग शामिल होते हैं। इंटीरियर डिजाइन में अपनी महारत के लिए मशहूर गौरी, सजावट को हमेशा शानदार बनाए रखती हैं।

# वो रोमांटिक फिल्म, 7 दिन में कमाए 100 करोड़ होली के सुपरहिट सॉन्ग ने तड़पाए जवां दिल

*नई दिल्ली। होली रंगों का त्योहार है। इस त्योहार में मस्ती का आलम कुछ और ही रहता है। दिनभर लोग होली के गानों पर नाचते हैं। होली के गानों में 2013 में आई 'ये जवानी है दीवानी' का एक गाना 'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी' भी जरूर बजता है। इस गाने और इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को बनने की कहानी मजेदार है। इस गाने के शुरुआती बोल कुछ और थे। 'ये जवानी है दीवानी' 2013 में आई एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म थी जिसे अयान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया था। फिल्म की कहानी अयान मुखर्जी और हुसैन दलाल ने लिखी थी. प्रोड्यूसर करण जौहर थे। फिल्म में रनबीर कपूर, दीपिका पादुकोण लीड रोल में थे। कल्कि कोचलिन और आदित्य रॉय कपूर भी नजर आए थे। अयान मुखर्जी ने 2009 में 'वेक अप सिड' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अयान मुखर्जी ने अपनी ज्यादातर फिल्में रनबीर कपूर के साथ ही बनाई हैं।*

## बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी



'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी' सॉन्ग के बारे में गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था, 'ओरिजनल लाइन गाने में ही है। बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी, बोले रे जमाना खराबी हो गई। मेरे अंग राजा, जो तेरा रंग लागा, तो सीधी-सादी छोरी शराबी हो गई। तो बृज की कन्या शराबी हो गई. गाने को सुनकर संगीतकार प्रीतम और डायरेक्टर ने कहा कि थोड़ा इसे मॉडर्न कर दो। मैंने कहा कि लाइन तो सही है। इतना अच्छा तो लग रही है। फॉक जैसा ही लग रहा है। फिर उन्होंने कहा कि पहली लाइन तो सही लेकिन दूसरी लाइन को थोड़ा बदल दो। फिर मैंने 'जींस पहनके जो तूने मारा ठुमका, तो लट्टू पड़ोसन की भाभी हो गई।'

### म्यूजिक प्रीतम ने किया था कंपोज

फिल्म का म्यूजिक प्रीतम चक्रवर्ती ने कंपोज किया था। उन्होंने पहली बार धर्मा प्रोडक्शंस के लिए काम किया था। गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य थे। उन्होंने ही इस फिल्म का सबसे पॉप्युलर होली सॉन्ग 'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी तो सीधी सादी छोरी शराबी हो गई' लिखा था।'

## हिंदी फिल्मों में हमेशा से होली को बड़े ही खास अंदाज में दिखाया जाता है

# आज भी याद किए जाते हैं इन फिल्मों के ये होली सीन्स

**नई दिल्ली। देशभर में आज होली मनाई जाएगी। होली को लेकर हर किसी में एक अलग ही जोश देखने के मिलता है। हिंदी फिल्मों में भी हमेशा से होली को बड़ी ही खास अंदाज में दिखाया जाता है। आज हम आपको ऐसी 7 होली सीन के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके बिना शायद फिल्म अधूरी लगती।**

***शोले :*** बॉलीवुड की आइकॉनिक फिल्म शोले का होली सीन कोई कैसे भूल सकता है, जब अचानक पूरे गांव में होली का जश्न मातम में बदल जाता है। मूवी में हेमा मालिनी, जया बच्चन, अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, संजीव कुमार जैसे कलाकार लीड रोल में थे। शोले में होली स्पेशल के तौर पर होली के दिन दिल खिल जाते हैं गीत दिखाया गया था। इसके बाद गांव में डाकू गब्बर सिंह की एंट्री होती है और फिल्म का पूरा क्लाईमैक्स बदल जाता है।

***दामिनी :*** इस लिस्ट में मीनाक्षी शेषाद्री, ऋषि कपूर और सनी देओल स्टारर फिल्म 'दामिनी' भी है। फिल्म में होली का सीन है जिसमें सब अच्छे से होली खेल रहे होते हैं और रंग- गुलाल एक दूसरे को लगा रहे होते हैं। होली का फायदा उठाकर फैमिली के ही कुछ लोग घर में काम करने वाली नौकरानी का गैंगरेप करते हैं। इसके बाद एक तरफ जहां परिवार के लोग उसे बचाने की कोशिश करते हैं वहीं, दूसरी तरफ घर की बहू दामिनी यानी मीनाक्षी उसे इंसाफ दिलाने की लड़ाई लड़ती है।



***कबीर सिंह :*** शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म 'कबीर सिंह' का होली सीन भी काफी जबरदस्त था। इसमें दिखाया गया था कि कैसे कुछ कॉलेज सीनियर स्टूडेंट कियारा को जबरदस्ती रंग लगाते हैं, जिसके बाद कबीर सिंह को इतना गुस्सा आता है कि वो उन्हें बुरी तरह से पीटता है।

***डर :*** यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी फिल्म डर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। दरअसल, डर में होली स्पेशल सॉन्ग अंग से अंग लगाना दिखाया गया है। इसके अंत में राहुल (शाह रुख खान) जबरदस्ती किरण यानी जूही चावला को रंग लगा देता है, जो सुनील यानी सनी देओल को पसंद नहीं आता है और वह उसका पीछा करता है। इसके बाद डर की कहानी का क्लाईमैक्स चेंज हो जाता है।

***मिर्जापुर :*** इस लिस्ट में फेमस वेब सीरीज मिर्जापुर का होली सीन भी शामिल है। इसमें दिखाया गया कि होली के जश्न के दौरान झगड़ा हो जाता है। जब एक डांसर के साथ मुन्ना भैया डांस करने लगते हैं और इसके बाद दूसरे नेता जी थोड़े नाराज हो जाते हैं और बुरा मान जाते हैं।

***पद्मावत :*** संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत में कई बढ़िया सीक्वेंस देखने को मिले थे। इन्हीं में से एक था होली का सीन और उसका गाना होली। इस गाने में जहां पद्मावत और रतन का रोमांस चल रहा था, वही खिलजी अपनी चाल को पलटने की तैयारी करता है।

***कटी पतंग :*** राजेश खन्ना और आशा पारेख स्टारर फिल्म कटी पतंग में होली स्पेशल गीत खेलेंगे हम होली गीत के बाद दोनों के बीच प्रेम कहानी का सिलसिला शुरू हो जाता है, जो काफी रोमांचक नजर आता है।

## बजट को सराहा, हर क्षेत्र का रखा ख्याल

# बजट में स्वास्थ्य विभाग को 18 जिलों में सीटी स्कैन, सात जिलों में एमआरआई, अल्ट्रासाउंड, ब्लू एनालाइजर सुविधा उपलब्ध कराई

**नारनौल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को जो बजट पेश किया, उसको लेकर राजनीति से जुड़े लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। इन लोगों ने इस बजट को सराहते हुए हरियाणा के जनहित से जुड़ा बजट बताया है।

### बजट में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर जोर: जैलदार



**मंडी अटेली।** मुख्यमंत्री नायब सैनी कर ओर से बतौर वित्त मंत्री सोमवार हरियाणा का बजट पेश किया। यह उनका बतौर वित्त मंत्री दूसरा पूर्ण बजट है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने साल 2026-27 के लिए 2,23,658.17 करोड़ का बजट प्रस्तावित किया। जिसको लेकर अटेली मार्केट कमेटी के चेयरमैन दिनेश जेलदार ने कहा कि हरियाणा सरकार में स्वास्थ्य मंत्री आरतीसिंह राव के नेतृत्व में बजट में स्वास्थ्य विभाग को 18 जिलों में सीटी स्कैन, सात जिलों में एमआरआई, अल्ट्रासाउंड, ब्लू एनालाइजर सुविधा उपलब्ध की गई है।

### अस्पतालों में सुविधाओं का विस्तार होगा: बबली



**मंडी अटेली।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को चंडीगढ़ विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट पेश किया। इस मौके पर ग्रीवेंस कमेटी सदस्य एडवोकेट बबली यादव ने स्वास्थ्य विभाग के लिए जारी किए गए बजट पर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का धन्यवाद करते हुए बताया कि बजट में मुख्यमंत्री ने महिलाओं के लिए बड़ी घोषणा की है। हर नारी, स्वस्थ नारी योजना के तहत, हर जिले में स्वस्थ नारी क्लीनिक बनाए जाएंगे।

### बजट सभी वर्गों के लिए हितकारी: संदीप



**महेंद्रगढ़।** विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट सभी वर्गों के लिए हितकारी है। एक तरफ जहां सरकार ने किसान की भलाई के लिए हरियाणा एग्री डिस्कॉम की स्थापना एक सकारात्मक कदम है। साथ ही सरकार ने जल्द ही अकुशल मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी भी जल्द ही बढ़ाने की बात कही है। औद्योगिक विकास के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए अलग से 500 करोड़ का प्रावधान भी सराहनीय है।

### बजट किसान और व्यापारी हितैषी : सुरेशचंद चौधरी



**नारनौल।** मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन सुरेशचंद चौधरी ने कहा है कि सरकार द्वारा पेश बजट किसान और व्यापारी के हित में है। कपास की खेती करने वाले किसानों को अब 3000 की बजाय 4000 गन्ने की बुवाई करने पर 3000 की वजह 5000 फलों और फूलों की खेती करने वाले का मुआवजा 10000 प्रति एकड़ बढ़ाया गया है। व्यापारियों उद्योग लगाने के लिए सरकार लीज पर जमीन देगी बाद में इसे फ्री होल्ड भी किया जा सकता है।

### बजट में दिखा स्वास्थ्य मंत्री आरती राव का प्रयास



**नारनौल।** भाजपा युवा नेता मनोज सेकवाल ने बताया कि बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज के विकास की घोषणा की। कॉलेज में लड़कों-लड़कियों के छात्रावास, शिक्षकों व कर्मचारियों के आवासीय क्वार्टर, फार्मेसी, व्याख्यान कक्ष, बहुउद्देश्यीय हॉल, योग हॉल और आयुष वेलनेस सेंटर बनाए जाएंगे। यह स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के प्रयासों का परिणाम है, जिससे क्षेत्र में आयुर्वेदिक शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी।

### बजट में प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव



**मंडी अटेली।** ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य विजय सिंह उर्फ सोनू दौंगड़ा अहीर ने प्रदेश सरकार के जारी बजट पर कहा कि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव नेतृत्व में स्वास्थ्य बजट में की गई बढ़ोतरी से प्रदेश के अस्पतालों में सुविधाओं का विस्तार होगा और गरीब व जरूरतमंद लोगों को समय पर और सस्ती चिकित्सा उपलब्ध हो सकेगी। जिलों में सीटी स्कैन, एमआरआई, डिजिटल एक्स–रे मशीनें 30 जून तक उपलब्ध होगी। बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज के विकास की घोषणा की।

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कनीना।** खेड़ी तलवाना स्थित एसडी विद्यालय में आयोजित समारोह में सैकड़ों विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सामाजिक संगठन सम उत्कर्ष युवा एवं उत्थान फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में देश को विश्व शक्ति बनाने में देशवासियों के योगदान विषय पर व्याख्यान भी दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि फरीदाबाद के सिविल जज नवीन कुमावत थे। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए तनाव से मुक्त रहना अत्यंत आवश्यक है। मुख्य वक्ता आकाश पांडे ने युवाओं को विज्ञान, नवाचार व अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने कहा कि परीक्षा में मिलने वाले अंक महत्वपूर्ण हैं, लेकिन अनुशासन, स्वच्छ चरित्र व निरंतर परिश्रम उससे भी अधिक आवश्यक है। समारोह में करीब 101 विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार के साथ शैक्षणिक सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. सुनील कुमार, डॉ. नरेश तंवर, रामनिवास, धूमसिंह, बलजीत सिंह, रविंद्र, ओमप्रकाश, विनोद, धर्मपाल आदि उपस्थित थे।

## जिलेभर में 22 विशेष पुलिस टीमों का किया गठन

# पुलिस का ऑपरेशन :18 आरोपित गिरफ्तार, अवैध शराब बरामद

आबकारी अधिनियम के तहत पांच मामले दर्ज किए, जिनमें 317 बोतल अवैध शराब व 15 किलो लाहन बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पुलिस विभाग ने अपराध व अपराधियों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से जिलेभर में ऑपरेशन आक्रमण 21 चलाया गया। इस सघन अभियान को सफल बनाने के लिए जिलेभर में 22 विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया, जिनमें कुल 113 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इन टीमों ने पूरी मुस्तैदी से कार्य करते हुए विभिन्न अपराधों में संलिप्त कुल 18 आरोपितों को गिरफ्तार कर छह एफआईआर दर्ज की हैं।

पुलिस की इस सख्त कार्रवाई में आबकारी अधिनियम के तहत पांच मामले दर्ज किए गए, जिनमें 317 बोतल अवैध शराब व 15 किलो लाहन बरामद किया गया। इसके अतिरिक्त मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ा प्रहार करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत एक मामला दर्ज कर 23 ग्राम चिट्टा हेरोइन बरामद किया गया है। पुलिस टीमों ने इस विशेष कार्रवाई के दौरान दो उद्घोषित अपराधियों व दो बेल जंपर्स को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अपराधों के साथ यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर भी सख्ती बरती गई है, जिसके तहत लेन ड्राइविंग के 52 व अन्य 65 वाहनों के चालान किए गए। इस अभियान की अन्य उपलब्धियों में दो ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर माइनिंग विभाग को सौंपे गए हैं, साथ ही चोरी के मामले में एक स्कूटी भी बरामद की गई है। विशेष अभियान के दौरान एसपी ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, प्रबंधक थाना, चौकी प्रभारी व अपराध यूनिटों को निर्देश दिए कि वह अपने अपने थाना क्षेत्र में गहनता से जांच करें। वहां कोई आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति मिले, तो उसे तुरंत गिरफ्तार कर उचित कार्रवाई करें, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### 23 ग्राम चिट्टा सहित तस्कर गिरफ्तार

सीआईए गश्त के दौरान लोहा मंडी नजदीक अग्रसेन चौक तिराहा के पास मौजूद थी। इसी दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर प्रशांत निवासी गणेश कॉलोनी को काबू किया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के नियमों का सख्ती से पालन करते हुए राजपत्रित अधिकारी को मौके पर बुलाया। उनकी मौजूदगी में जब आरोपित की तलाशी ली गई, तो उसके पास से एक पॉलिथीन में 23 ग्राम नशीला पदार्थ चिट्टा हेरोइन व एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस ने नशीले पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपित प्रशांत के खिलाफ थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पुरानी हवेली से अवैध शराब बरामद

थाना शहर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मोहल्ला भाठवाड़ा की एक पुरानी हवेली में अवैध शराब रखी हुई है। सूचना को पुख्ता मानकर पुलिस ने रेडिंग पार्टी तैयार कर मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर हवेली का मालिक मनीष मौके से भाग गया। पुलिस ने स्थानीय पार्षद व अन्य गवाहों को मौके पर बुलाकर हवेली के एक बंद कमरे का ताला तोड़ा। कमरे की तलाशी लेने पर अंदर से कुल 22 पेटी अवैध देसी शराब बरामद हुई, जिसमें 108 बोतलें, 216 अद्धे व 200 पव्वे शामिल हैं। पुलिस ने अवैध शराब को कब्जे में लेकर आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### एसपी की आमजन से अपील

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने आम नागरिकों से कहा है कि यदि उनके आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे या किसी व्यक्ति की ओर से नशीले पदार्थों का व्यापार करने के बारे में सूचना मिले, तो तुरंत इसकी सूचना डायल 112 या अपने संबंधित पुलिस थाना या चौकी में तुरंत दें। सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जाएगा।

# सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल के 14 विद्यार्थी चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली



मंडी अटेली। चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर के 14 विद्यार्थियों के चयन से क्षेत्र में खुशी की लहर है। विद्यालय परिसर में सोमवार को सम्मान समारोह आयोजित कर सभी चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य अनूप कुमार और निदेशक राकेश यादव ने छात्रों को माल्यार्पण कर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन पूर्व सरपंच एवं जिला पार्षद शमशेर यादव ने कहा कि एकसाथ 14 विद्यार्थियों का सैनिक स्कूल में चयन होना विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये छात्र सैनिक स्कूल से शिक्षा प्राप्त कर देश की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्राचार्य अनूप कुमार ने बताया कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी कराई जाती है जिसका परिणाम इस उपलब्धि के रूप में सामने आया है।

## सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में पाई सफलता



**नांगल चौधरी।** सैनिक स्कूल प्रशासन ने नौवीं कक्षा में दाखिलों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया था। जिसमें सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नौ विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर संस्था व ब्लॉक का गौरव बढ़ाया है। मेधावी बच्चों को स्कूल प्रबंधन कमेटी ने प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया। प्राचार्या वंदना यादव ने बताया कि सैनिक स्कूल प्रशासन ने बीते महीने नौवीं कक्षा में दाखिलों के लिए परीक्षा आयोजित की थी। जिसमें सरस्वती स्कूल के 15 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाकर परीक्षा में सम्मलित हुए थे। जिनमें यश वर्धन, कुमारी तनवी, मयंक कुमार, नरेंद्र कुमार, लविका, अंशिका, हिमांशु कुमार, माहिन कुमावत, श्रषभ कुमार ने टॉप 10 सूची में स्थान हासिल करके स्कूल का नाम राशन किया है। उन्होंने बताया कि स्कूल के 30 से अधिक विद्यार्थी एनडीए व पांच हजार से अधिक युवा विभिन्न विभागों में सेवाएं दे रहे हैं। प्रबंधन कमेटी ने मेधावी बच्चों को दाखिलों में 80 फीसदी तक छूट देने का निर्णय लिया है। चेयरमैन दयाराम यादव ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एमडी अमित यादव, वाइस चेयरमैन रेखा यादव, संयोजक संदीप कुमार मौजूद रहे।

### सरस्वती स्कूल में होली उत्सव मनाया

**नारनौल।** शहर में पुल बाजार स्थित सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में होली का पर्व बड़े धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में रंग बिरंगे गुलाल व विद्यार्थियों के रंगारंग कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। जिससे पूरा वातावरण एक सांस्कृतिक रंग में रंग गया। चेयरमैन मुकेश शर्मा ने अपने प्रेरणादायक भाषण में होली के आध्यात्मिक व सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला तथा छात्रों से आह्नान किया कि वे पर्यावरण की सुरक्षा करते हुए गुलाल से होली मनाएं। इस मौके पर प्राचार्या क्षमा पाण्डेय, मंजू शर्मा, मैनेजर लोकेश शर्मा, सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि होली का वास्तविक अर्थ मन की बुराइयों को त्यागकर सकारात्मक सोच अपनाना है। विद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों से अनुरोध किया है कि वे होली का पर्व शांति व अनुशासन के साथ मनाएं तथा जल की अनावश्यक बर्बादी से बचें।



नांगल चौधरी। गुरुकुलम स्कूल में आयोजित होली मिलन समारोह।

### आकाश एकेडमी में होली महोत्सव मनाया

**महेंद्रगढ़।** आकाश एकेडमी में होली महोत्सव मनाया गया। इस दौरान छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर रंगों के इस पावन पर्व का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक ढंग से हुई, जिसमें होली के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंग-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को शुभकामना दीं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य और संगीत ने पूरे माहौल को और भी रंगीन बना दिया। देवेंद्र बैरावास ने विद्यार्थियों को सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल होली मनाने का संदेश दिया। अंत में मिठाई वितरित की गईं और सभी ने आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता का संकल्प लिया। यह होली महोत्सव छात्रों के लिए यादगार अनुभव साबित हुआ और सभी ने मिलकर खुशियों के रंग बिखेरे। विकास रामलवास ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान छात्रों और शिक्षकों ने फूलों से बनी होली खेली तथा घर पर तैयार किए गए प्राकृतिक गुलाल लगाए।



महेंद्रगढ़। दानदाताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। होली महोत्सव में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### होली मिलन कार्यक्रम में जल संरक्षण का फैसला

**नांगल चौधरी।** दी गुरुकुलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें तिलक होली खेलने का निर्णय लेकर जल संरक्षण करने का संदेश दिया। मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने व समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों को मिटाने में योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के आयोजक अभय सिंह गुर्जर ने बताया कि कुरीतियों पर अंकुश नहीं लगने से सामाजिक एकता व शांति व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। समाधान के लिए शिक्षण संस्थाओं को किताबी पढ़ाई में सामाजिक संस्कार व नैतिक दायित्वों का समावेश करना अनिवार्य हैं। स्कूल चेयरमैन अभय सिंह गुर्जर ने गुलाब होली का शुभारंभ किया।



महेंद्रगढ़। होली खेलते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### माता-पिता की पुण्य स्मृति में सभा को दिया योगदान

**महेंद्रगढ़।** यादव सभा के सभागार में गांव सिसोठ निवासी नरेश कुमार एवं कृष्ण कुमार यादव ने यादव सभा पुस्तकालय भवन में एक कमरे के निर्माण के लिए एक लाख 11 हजार रुपये का योगदान दिया है। नरेश कुमार व कृष्ण कुमार ने अपने पिता बनवारी लाल व माता संतरा देवी की पुण्य स्मृति में एक कमरे के निर्माण के लिए यह योगदान दिया है। यादव सभा के कन्वीनर डॉ. राजवीर सिंह यादव ने बताया कि आठ मार्च को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित मेजर जनरल अरविंद सिंह यादव को सम्मानित करेंगी व उनका अभिनंदन समारोह सुबह 11 बजे होगा। इस मौके पर यादव सभा के पूर्व प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव, खजांची जगदीश प्रसाद, नगर पालिका पूर्व प्रधान विजेंद्र सिंह यादव, प्रेमचंद यादव पूर्व सरपंच, सत्यपाल, अध्यक्ष कृष्णा यादव, डीपी महावीर सिंह लावण, सतीश कुमार, राजीव यादव सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# एसडी स्कूल के विद्यार्थियों ने हासिल किया श्रेष्ठ स्थान

- केंद्रीय विवि जाट पाली में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना



कनीना। विद्यार्थियों को सम्मानित करते संयोजक। फोटो : हरिभूमि

केंद्रीय विवि जाट पाली में पिछले दिनों आयोजित की गई विज्ञान प्रदर्शनी में एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रदर्शनी में विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें निर्णायक मंडल ने एसडी के विद्यार्थियों के कार्यशील मॉडल को श्रेष्ठ स्थान पर रखा। इसकी रचना करने वाले छात्र अभिनव व दिशांत मित्तल को सम्मानित किया गया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट मॉडल में इशिता, तन्वी व अंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में दक्ष व जतिन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि डीआरडीओ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जी सतीश रेड्डी, अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार ने विद्यार्थियों को पारितोषिक वितरित किए। एसडी विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. शिप्रा सारस्वत ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के सामूहिक सहयोग से हासिल हुई है। चेयरमैन जगदेव यादव ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की भावना पैदा करने हेतु समय समय पर ऐसे समारोह का आयोजन किया जाता है।

### जिला योजनाकार विभाग ने अवैध निर्माण पर की कार्रवाई

**भिवानी।** जिला नगर योजनाकार कार्यालय भिवानी द्वारा अवैध निर्माण एवं अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसी कड़ी में डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की मौजूदगी में विभाग की टीम ने मौजा लोहारू में लोहारू भिवानी रोड़ पर अवैध रूप से विकसित की जा रही दो दुकानों व निर्माण कार्य को जेसीबी से तोड़ा गया। जिला नगर योजनाकार नरेन्द्र कुमार ने लोगों को समझाते हुए कहा कि बिना विभागीय अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति नियमों की अवहेलना करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्लॉट या कॉलोनी में निवेश से पहले विभाग से जानकारी अवश्य प्राप्त करें तथा वैध अनुमति के बिना निर्माण कार्य न कराएं। कार्रवाई के दौरान विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# साइंस ओलंपियाड में टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड एवं अंतरराष्ट्रीय सोशल स्टडीज ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में कक्षा पांचवीं से नंदिनी, प्रतिभा, रूबी एवं अंजलि तथा कक्षा छठी से आलिया, तनीषा, सरस, चिराग और साहिल ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया, जबकि कक्षा पांचवीं की वंशिका एवं कक्षा नौवीं के विशांत को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट एवं एसपीआर रिपोर्ट देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार अंतरराष्ट्रीय सोशल स्टडीज ओलंपियाड में कक्षा छठी से हिमांशी, शौर्य, ऋषु एवं जितेश तथा कक्षा नौवीं की श्वेता ने गोल्ड मेडल जीता। इसके अतिरिक्त कक्षा पांचवीं से जिया, अवि, पीयूष, कक्षा छठी से जतिन, कक्षा सातवीं से गार्गी, प्रज्ञा, पलक, मानवी तथा कक्षा नौवीं से प्रीति, यशवानी एवं मानवी वंशी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट एवं एसपीआर रिपोर्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। सीईओ डॉ. निशा यादव ने कहा कि प्रारंभिक कक्षाओं से दी जाने वाली मजबूत नींव विद्यार्थियों को ऊंचाइयों तक पहुंचाती है।

# इंस्पायर अवॉर्ड योजना : जिले के 86 विद्यार्थियों के आइडिया चयनित, प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहा महेंद्रगढ़

## विद्यार्थियों को अपने अपने आइडिया पर काम करने के लिए मिलेंगे 10-10 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

इंस्पायर योजना के तहत महेन्द्रगढ़ जिले से 86 विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जबकि प्रदेश के 1249 विद्यार्थियों को अवार्ड मिला है। प्रदेश से जिन विद्यार्थियों ने इंस्पायर योजना में हिस्सा लिया था, उनमें से लगभग पांच फीसदी विद्यार्थियों ने अवार्ड जीता। प्रदेश में सिरसा जिला प्रथम, गुरुग्राम दूसरे व महेंद्रगढ़ तीसरे स्थान पर रहा। विद्यार्थियों को अपने-अपने आइडिया पर काम करने के लिए 10-10 हजार रुपये मिलेंगे।

बता दें कि सत्र 2025-26 में इंस्पायर अवॉर्ड योजना के तहत प्रदेश के 1249 विद्यार्थियों के आइडिया चयनित किए हुए हैं। सरकार की ओर से इन अवार्ड पाने वाले विद्यार्थियों को 10 हजार रुपये की अवार्ड राशि मिलेगी। प्रदेश में चयनित विद्यार्थियों में सभी 22 जिलों में महेंद्रगढ़ जिला तीसरे स्थान पर रहा है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविन्द्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2009-10 में भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने इंस्पायर अवार्ड योजना की शुरूआत की थी। इंस्पायर अवार्ड मानक स्कूली विद्यार्थियों में सृजनशीलता व रचनात्मक सोच की संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ साथ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से सामाजिक जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक पहल है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देशभर से कक्षा छठी से 12वीं तक 10 से 17 साल उम्र के सरकारी व निजी स्कूलों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करके विज्ञान के प्रति आकर्षित करना है। इसमें ऑनलाइन अपने इनोवेटिव आइडिया भेजने होते हैं और स्कूलों से सीधा यह ऑनलाइन चलता है। विद्यार्थी अपने आइडिया या विचार, बदलाव, गजट व तकनीक से जुड़े प्रोजेक्ट के बारे में विचार सांझा करते है। इन प्रोजेक्ट पर निवेश करने के लिए अवार्ड मिलता है।

### जिले के लिए गौरव की बात

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर ने बताया कि महेद्रगढ़ जिले के 86 विद्यार्थियों का चयन इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी प्रतियोगिता के लिए होना गौरव की बात है। उन्होंने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि आगे भी जिले का प्रतिनिधित्व बेहतर रहेगा।

### विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर बना सकता है पहचान

भारत सरकार के डिपार्टमेंट आफ साइंस एंड टेक्नालाजी स्कीम में फंड जारी करता है। इससे विद्यार्थी अपनी राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना सकता है। विजेता को जापान तक जाने का मौका मिलता है। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित प्रतिभागियों के माडल को आइआइटी व एनटीए जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के तकनीकी प्रतियोगिता में दिखाया जाता है। महेंद्रगढ़ जिले के 86 विद्यार्थियों में सरकारी स्कूल से 65, तो निजी स्कूल से 21 ने अवार्ड जीते है।

### किस जिले से कितने विद्यार्थियों का चयन

| जिला | विद्यार्थी | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | झज्जर | 52 | पंचकूला | 46 |
| अंबाला | 59 | जींद | 30 | पानीपत | 32 |
| भिवानी | 46 | कैथल | 46 | रेवाड़ी | 35 |
| चरखी दादरी | 23 | करनाल | 77 | रोहतक | 44 |
| फरीदाबाद | 60 | कुरूक्षेत्र | 55 | सिरसा | 100 |
| फतेहाबाद | 77 | महेंद्रगढ़ | 86 | सोनीपत | 64 |
| गुरुग्राम | 91 | मेवात | 59 | यमुनानगर | 46 |
| हिसार | 77 | पलवल | 43 | कुल | 1249 |

## पुतला दहन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने की अमेरिका के खिलाफ नारेबाजी

# अमेरिकी साम्राज्यवाद का पुतला फूंका

कामरेड बलबीर सिंह ने कहा कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए जा रहे हमले अंतरराष्ट्रीय कानून और विश्व शांति के लिए गंभीर खतरा हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। महावीर चौक पर पुतला दहन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अमेरिका–इजराइल साम्राज्यवादी गठजोड़ द्वारा ईरान पर किए जा रहे बर्बर हमलों के खिलाफ मंगलवार को महावीर चौक पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी साम्राज्यवाद का पुतला दहन किया गया और युद्धोन्मादी नीतियों के खिलाफ कड़ी निंदा व्यक्त की गई। इस विरोध प्रदर्शन में किसान नेता बलबीर सिंह, सीताराम प्रधान समेत अनेक सचेत नागरिकों ने हिस्सा लिया।

कामरेड बलबीर सिंह ने कहा कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए जा रहे हमले अंतरराष्ट्रीय कानून और विश्व शांति के लिए गंभीर खतरा हैं। यह साम्राज्यवादी ताकतों की वही पुरानी नीति है, जिसके तहत वे दुनिया के विभिन्न देशों में युद्ध और अस्थिरता फैलाकर अपने आर्थिक और राजनीतिक हित साधते हैं। वक्ताओं ने कहा कि इतिहास गवाह है कि अमेरिकी साम्राज्यवाद ने इराक, अफगानिस्तान, लीबिया और सीरिया सहित कई देशों में हस्तक्षेप और हमले कर लाखों निर्दोष लोगों की जान ली है और पूरे क्षेत्रों को अस्थिरता व विनाश की ओर धकेला है। आज वही नीति ईरान के खिलाफ अपनाई जा रही है, जिससे पूरे पश्चिम एशिया में बड़े युद्ध का खतरा बढ़ गया है। वक्ताओं ने हाल ही में ईरान में एक स्कूल पर हुए हमले में कई मासूम बच्चियों की दर्दनाक मौत का हवाला देते हुए कहा कि यह घटना साम्राज्यवादी हमलों की अमानवीयता और क्रूरता को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि युद्धों में सबसे अधिक नुकसान आम जनता, मजदूरों, महिलाओं और बच्चों को उठाना पड़ता है। ऐसी घटनाएं मानवता के खिलाफ अपराध हैं और पूरी दुनिया की शांति प्रेमी जनता को इनके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।


सभा में वक्ताओं ने भारत सरकार से मांग की कि वह अमेरिका और इजराइल के हमलों का स्पष्ट और कड़ा विरोध करे। उनके साथ किए गए सभी सैन्य व रणनीतिक समझौतों तोड़े तथा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर तत्काल युद्ध विराम और शांति बहाली की मांग को मजबूती से उठाए। प्रदर्शनकारियों ने देश के पीएम मोदी की युद्ध के माहौल में इजरायल की यात्रा करने एवं वहां जाकर नेतन्याहू से मुलाकात करने तथा वहां का सम्मान लेने की भी कड़ी आलोचना की है। क्योंकि नेतान्याहू इस समय दुनिया में साम्राज्यवादी, युद्धकारी नीतियों के कारण अकेले पड़ा हुआ है। वह फिलीस्तीन में भी लाखों नागरिकों का हत्यारा है।

### भारत के रवैये की आलोचना

उन्होंने भारत सरकार द्वारा गुटनिरपक्ष विदेश नीति को छोड़कर साम्राज्यवादी अमेरिका व इजरायल का पक्ष में खड़े होने की भी आलोचना की। जबकि ईरान से भारत के सदियों पुराने रिश्ते रहे है। यूएनओ में भी ईरान ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत का साथ दिया है। अपने पुराने साथी को संकट के समय अकेला छोड़ना तथा अमेरिका के पक्ष में जाना, जिसने कभी भी भारत के विकास में साथ नहीं दिया, की भी आलोचना की। उन्होंने सवाल किया कि क्यों भारत सरकार ने अमेरिका के दबाव में आकर चाबहार पोर्ट छोड़ा, जिसमें खुद मोदी सरकार ने हजारों करोड़ का निवेश किया था, क्यों रशिया से सस्ता तेल खरीदना बंद किया। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इजराइल से तुरंत युद्ध बंद करने तथा क्षेत्र में शांति बहाल करने की मांग की। अंत में अमेरिकी साम्राज्यवाद का पुतला दहन किया गया और युद्ध विरोधी नारे लगाए गए। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से कामरेड सीताराम, सत्यवीर, भरपूर, यादराम, महावीर एवं होशियार आदि उपस्थित रहे।

## राव सुल्तान स्कूल में होली मिलन आयोजित

**महेंद्रगढ़।** राव सुल्तान सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल निम्बेहड़ा में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव एवं चेयरपर्सन सुषमा यादव मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने की। संस्था निदेशक ने कहा कि आज पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव के कारण हम अपनी प्राचीन सभ्यता और परंपराओं को भूलते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि फागुन माह में पहले पूरे प्रदेश में उल्लास और उमंग का वातावरण रहता था। गली-चौराहों पर डफ और धमाल की गूंज से माहौल आनंदमय हो जाता था। होलिका दहन के अवसर पर पूरा गांव एकत्रित होकर प्रह्लाद भक्त की जयकारों के साथ उत्सव मनाता था।




# ऐतिहासिक बजट से आत्मनिर्भर हरियाणा की दिशा मजबूतः गौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते मुकेश गौड़ व अन्य। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से पेश किए गए बजट को पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व जिला अध्यक्ष भिवानी मुकेश गौड़ ने ऐतिहासिक, विकासोन्मुखी व जनकल्याणकारी बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आय व्यय का लेखा जोखा नहीं, बल्कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास की स्पष्ट दिशा और मजबूत आर्थिक प्रबंधन का दस्तावेज है। वे मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव व प्रदेश पैनलिस्ट एडवोकेट राकेश शर्मा भी मौजूद रहे।

मुकेश गौड़ ने कहा कि वर्ष 2020 में शुरू की गई परंपरा के तहत इस बार 13 बैठकों में 2199 सुझाव प्राप्त हुए। एआई चैटबॉट के माध्यम से 12400 सुझाव आए, जिनमें से करीब 5000 को बजट में शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि 11 वर्षों में प्रदेश की जीडीपी 437145 करोड़ रुपये से बढ़कर 1367769 करोड़ रुपये हो गई है। प्रति व्यक्ति आय 147382 रुपये से बढ़कर 395618 रुपये पहुंच गई है। राजस्व घाटा 1.90 प्रतिशत से घटाकर 0.87 प्रतिशत तक सीमित करने का लक्ष्य रखा गया है।

अंत्योदय के तहत पीएम आवास योजना शहरी 2.0 में 500 करोड़ रुपये की सहायता, 23.154 ग्रामीण मकान, 15.251 प्लॉट आवंटन, आठ हजार ईडब्ल्यूएस फ्लैट व 2.20 लाख रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाए जाएंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र में 100 नए उपकेंद्र, 18 डायलिसिस केंद्र, 70 एडवांस व 167 बेसिक एंबुलेंस शुरू होंगी। मानेसर ईएसआईसी अस्पताल को 200 बेड व मेडिकल कॉलेज में अपग्रेड किया जाएगा।

एडवोकेट राकेश शर्मा ने कहा कि प्रभावी राजस्व घाटा 0.41 प्रतिशत तक सीमित करने का लक्ष्य है। 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार 2026 से 2031 तक केंद्रीय करों में हरियाणा का हिस्सा 1.361 प्रतिशत होगा। शिक्षा क्षेत्र में 250 विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जाएंगी। दुर्घटना में मृत्यु पर पांच लाख व दिव्यांग होने पर तीन लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। जिलाध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने बताया कि इंफ्रास्ट्रक्चर के तहत पांच हजार किमी सड़क सुधार, 18 आरओबी व 12 आरयूबी का निर्माण, एक हजार नई बसें व 4 नए बस अड्डे बनाए जाएंगे।

तीनों नेताओं ने कहा कि यह बजट किसानों, युवाओं, महिलाओं व गरीब वर्ग के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने वाला है। इस मौके पर जिला महामंत्री किशनलाल बोहरा, उपाध्यक्ष पूर्णचंद गोठड़ी, रमेश तंवर, भवानी शंकर शर्मा, विकास अग्रवाल, कर्मवीर, सुशील चौटाला, संजय अमन व गगन दायमा आदि रहे।

### सैदपुर के पूर्व सरपंच धर्मपाल का निधन

**मंडी अटेली।** गांव सैदपुर के रिटायर्ड फौजी एवं पूर्व सरपंच धर्मपाल का 55 वर्ष की आयु में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन से गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। धर्मपाल भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद सामाजिक जीवन में सक्रिय हो गए थे। उन्होंने गांव सैदपुर में सरपंच का चुनाव लड़ा और जीत हासिल कर वर्ष 2005 से 2010 तक सरपंच पद पर रहते हुए गांव के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने मूलभूत सुविधाओं, सड़क, पानी और अन्य जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया। धर्मपाल अपने पीछे एक बेटी राजेश को छोड़ गए हैं। पिता के निधन पर बेटी ने साहस का परिचय देते हुए उनके पार्थिव शरीर को कंधा दिया और मुखाग्नि देकर बेटे का फर्ज निभाया।

# सीएम की शहरों के लिए बड़ी सौगातें, पार्षदों को मिला आपातकालीन फंडः चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हाल ही में पेश किए गए बजट में शहरी विकास और नगर निकायों को सशक्त बनाने के लिए कई ऐतिहासिक घोषणाएं की गई हैं। इन जनहितैषी फैसलों का स्वागत करते हुए नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट शहरों की तस्वीर बदलने वाला और आमजन को सीधे लाभ पहुंचाने वाला सिद्ध होगा।

### पार्षदों को मिला पावर फंड

बजट की सबसे महत्वपूर्ण घोषणाओं में से एक 'पार्षद आपातकालीन फंड' का गठन है। अब प्रत्येक नगर पालिका पार्षद को 1.5 लाख रुपये का वार्षिक फंड दिया जाएगा। प्रधान रमेश सैनी ने बताया कि इस राशि को पार्षद अपने विवेक से वार्ड के छोटे व जरूरी विकास कार्यों या आपातकालीन जरूरतों पर खर्च कर सकेंगे। शहरों में दशकों से नगर निकायों की जमीन पर कब्जा करके रह रहे लोगों के लिए मुख्यमंत्री ने नई नीति लाने की घोषणा की है।

इस नीति के तहत पात्र लोगों को उनकी जमीन का मालिकाना हक दिया जाएगा, जो शहरी निवासियों के लिए एक बड़ा सपना सच होने जैसा है। इसके साथ ही, आर्थिक राहत देते हुए सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स की 31 मार्च 2025 तक की पूरी बकाया ब्याज राशि को माफ करने का निर्णय लिया है, जिससे संपत्ति धारकों पर पड़ा बोझ कम होगा।

### संसाधन और वित्तीय मजबूती



नगर निकायों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार ने स्टाम्प ड्यूटी शुल्क का दो प्रतिशत सीधे निकायों के खातों में भेजने का फैसला किया है। इससे निकायों के पास विकास कार्यों के लिए बजट की कमी नहीं रहेगी। साथ ही, सामाजिक सरोकार को निभाते हुए अब नगर निकायों को 'स्वर्ग रोहिणी' (शव वाहन) उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे आमजन को कठिन समय में सुविधा मिल सके। वार्डों में होने वाले कार्यों में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और पारदर्शिता लाने के लिए तीन से सात सदस्यीय वार्ड कमेटियों का गठन किया जा चुका है। चेयरमैन रमेश सैनी ने बताया कि अब स्थानीय मुद्दों के समाधान के लिए संबंधित वार्ड में ही एरिया सभा आयोजित की जाएगी। इससे जनता और प्रशासन के बीच की दूरी कम होगी और विकास कार्यों में आम आदमी की राय शामिल होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का यह बजट शहरों के विकास को नई ऊंचाई देगा। पार्षदों को फंड देना और अवैध कब्जों को मालिकाना हक में बदलना एक क्रांतिकारी कदम है।

